भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 68

उत्तर देने की तारीख: 18.07.2022

दोहरी डिग्री

†68. श्री डी. एम. कथीर आनन्द:

श्री एस. ज्ञानतिरावियमः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले तमिलनाडु के भारतीय छात्रों की देश-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने अपने ही देश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए और अधिक छात्रों को सुविधा और समर्थन प्रदान करने के लिए कोई व्यापक नीति बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारतीय छात्र, भारतीय और विदेशी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली दोहरी डिग्रियां अलग-अलग और एक साथ प्राप्त कर सकते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या दोहरी डिग्री का प्रावधान ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के लिए भी लागू होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुभाष सरकार)

(क): विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सूचित किया है कि उनके पास विदेशों में उच्च अध्ययन करने वाले छात्रों का डेटाबेस नहीं है।

(ख): यूजीसी ने भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लिए कई उपायों की शुरुआत की है। भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) और विदेशी एचईआई के बीच अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (ट्विनिंग, संयुक्त डिग्री और दोहरी डिग्री कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए भारतीय और विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग) विनियम, 2022" को 2 मई, 2022 को अधिसूचित किया गया है।

(ग): उपर्युक्त विनियमों के प्रावधानों के तहत, "दोहरी डिग्री कार्यक्रम" भारतीय और विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा समान विषयों / विषय क्षेत्रों और समान स्तर पर संयुक्त रूप से डिजाइन और पेश किया जाने वाला कार्यक्रम होगा। ये विनियम https://www.ugc.ac.in/pdfnews/4555806_UGC-Acad-Collab-Regulations.pdf पर उपलब्ध हैं।

(घ) और (ड.): यूजीसी ने सूचित किया है कि उक्त यूजीसी विनियमों के प्रावधानों के तहत, विदेशी संस्थानों से भारतीय छात्रों द्वारा अर्जित किए जाने वाले क्रेडिट और भारतीय संस्थानों से विदेशी छात्रों द्वारा अर्जित क्रेडिट पारंपरिक मोड कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे।

*****